# विश्वविद्यालय के छात्रों ने बच्चों को पोक्सो एक्ट के बारे में किया जागरूक

विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के रावे प्रोग्राम के अंतिम वर्ष के छात्र–छात्राओं ने रूद्रपुर जनपद के दुर्गापुर 2 ग्रामीण क्षेत्र के एस.डी.एस.एन. इण्टर कॉलेज में पोक्सो एक्ट के बारे में 8वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल के बच्चों को पोक्सो एक्ट के बारे में जागरूक कर बालक और बालिकाओं के साथ होने वाले यौन शोषण के बारे में जागरूक करना था। इस कार्यक्रम के दौरान रावे प्रोग्राम के छात्रों ने विभिन्न रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत पोक्सो से संबंधित एक भव्य नाटक और एक गीत गाया। इस कार्यक्रम के माध्यम से बालक और बालिकाओं को पोक्सो एक्ट, गुड–टच बेड–टच और बाल सहायता संपर्क नंबर, महिला नंबर, पुलिस संपर्क नंबर आदि की महत्वता से जागरूक कर इनके इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल और सहायक प्राध्यापिका डा. पूजा टम्टा के निर्देशन में किया गया। अभियान की सफलता ने यह साबित कर दिया कि शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से समुदाय में बडे बदलाव लाए जा सकते हैं। यह पहल भारत सरकार के पोक्सो एक्ट अभियान के लक्ष्यों के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य देश को अपराध और यौन शोषण से मुक्त बनाना है।

